देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 18 अंक: 200 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
दोहरे रवैये का संदेह



# पेज श्री

देहरादून, गुरूवार, 16 नवंबर 2023



मौसम अधिकतम 25.0° न्यूनतम 15.0° | 65675.93

2 ट्रूडो पर भड़के इजरायली पीएम नेतन्याहू | 7 रोहित शर्मा ने बना डाला वर्ल्ड रिकॉर्ड

# टूटने लगा सब्र का बांध, फूटा मजदूरों का गुस्सा

## सिलक्यारा सुरंग में कैद है 40 श्रमिकों की जान

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तरकाशी में यमुनोत्री हाईवे पर बन रही टनल पर फंसे लोगों को तीन दिन बाद भी रेस्क्यू नहीं किया जा सका है। रविवार सुबह 5 बजे से मजदूरों को रेस्क्यू करने के लिए प्रशासन की कोशिशें नाकाम साबित हो रहीं हैं। तीन दिन बाद आखिरकार मजदूरों के सब्र का बांध टूट गया। सुरंग के अंदर फंसे मजदूरों के साथियों ने टनल के बाहर जमकर प्रदर्शन किया। आक्रोशित मजदूरों की भीड़ ने पुलिस के बैरिकेडिंग को भी गिरा डाला। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए मजदूरों को किसी तरह से शांत किया।

वहीं सिलक्यारा सुरंग की डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) पर सवाल खड़े किए गए हैं, जिसमें सुरंग निर्माण में क्षेत्र की चट्टानों की क्षमता को नजरअंदाज किए जाने की बात सामने आ रही है। यह सवाल परियोजना में कंसल्टेंसी का काम करने वाली दो कंपनियों ने उठाए हैं। एक कंपनी ने तो बाकायदा अपनी वेबसाइट पर डीपीआर की खामी का उल्लेख किया है। सुरंग में भूस्खलन की घटना के बाद पहाड़ी की कमजोर चट्टानों की पुष्टि की गई है। यह बात भी सामने आई है कि इस सुरंग में कैविटी (खोखला स्थान) टूटने से भूस्खलन का यह पहला मामला नहीं है। पहले भी सुरंग की कैविटी टूटने से मलबा गिर चुका है। वर्तमान की घटना में सुरंग में श्रमिकों के फंस जाने से यह बात खुलकर सामने आ गई है।

उत्तरकाशी के सिलक्यारा सुरंग में फंसे मजदूरों में से कुछ की तबीयत खराब होने की सूचना आ रही है। सुबह पाइप के जरिए हुई बातचीत के दौरान भीतर से मजदूरों ने यह जानकारी दी। उनका कहना था कि कुछ लोगों को उल्टी की शिकायत है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी पुष्टि भी की। ऐसे में भीतर बंद होने से उनमें घबराहट होना लाजिमी है। मौके पर मौजूद वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.प्रेम सिंह पोखरियाल ने बताया कि दो–तीन मजदूरों के बीमार होने की जानकारी मिली है। उनके लिए दवाएं भेजी हैं। संभवतः भीतर बंद होने के चलते उन्हें कुछ घबराहट या बेचैनी हो रहा है। दवाओं से उनका स्वास्थ्य तेजी से सुधर जाएगा। डॉ. पोखरियाल ने मजदूरों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां दीं। फंसे रहने की अवधि में अपनाए जाने वाली एहतियात भी बताईं।



### एयरफोर्स का विमान ड्रिलिंग मशीन लेकर पहुंचा उत्तरकाशी

उत्तरकाशी में टनल के अंदर फंसे लोगों की जान बचाने को राहत व बचाव कार्य जारी है। वायु सेना का विमान नई ड्रिलिंग मशीन लेकर चिन्यालीसौड़ उतर गया है। वायुसेना का मालवाहक विमान बुधवार दोपहर को चिन्यालीसौड़ पर लैंड किया गया है। ये मशीनें टनल में रास्ता बनाने के लिए उपयाग की जाएंगी। दिल्ली से नई मशीन के पार्ट्स की दूसरी खेप लेकर चिन्यालीसौड़ हवाई अड्डे पर उतरे हरक्यूलिस विमान में मशीन के पार्ट्स फंस गए हैं। जिन्हें दो घंटे से अधिक समय से निकालने का प्रयास किया गया।

### ली जा रही है नार्वे व थाईलैंड की विशेष टीमों से मदद

उत्तरकाशी में निर्माणाधीन सुरंग में फंसे श्रमिकों को बाहर निकालने को बचाव कार्य तेज। देहरादून में सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि एयरफोर्स के तीन विशेष विमान 25 टन भारी मशीन लेकर आ रहे हैं, जो मलबे को भेद स्टील पाइप दूसरी तरफ पहुंचाने में मददगार साबित होगी। मशीन से प्रति घंटे पांच मीटर मलबा पार किया जा सकेगा। अब नार्वे व थाईलैंड की विशेष टीमों की मदद भी ली जा रही है। वहीं आईआईटी रुड़की के वैज्ञानिक प्रो.कमल जैन का कहना है कि टनल के संवेदनशील हिस्से को छोड़कर आगे काम करना खतरनाक होता है। संवेदनशील हिस्से का स्थिरीकरण करना जरूरी होता है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने सुब्रत राय के निधन पर शोक व्यक्त किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सहारा समूह के प्रमुख सुब्रत राय के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है।

### सिंधिया के गढ़ में ही प्रियंका गांधी ने कसा तंज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
भोपाल। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए हो रहे चुनावी प्रचार के आखिरी दिन केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर तंज कसते हुए उन्हें छोटे कद और बड़े अहंकार वाला व्यक्ति करार दिया। प्रियंका गांधी ने ग्वालियर के पूर्व शाही परिवार के वंशज पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि उन्होंने अपने परिवार की परंपरा अच्छे से निभाई है। सनद रहे कि 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने करीबियों की मदद से कमलनाथ के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार को गिरा दिया था।

# एमपी, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस का होगा डिब्बा गुल

## पीएम मोदी ने बायतु से भरी चुनावी हुंकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बायतु। पीएम मोदी ने बायतु विधानसभा सीट पर बुधवार को एक जनसभा की है। जनसभा के दौरान पीएम ने राज्य की अशोक गहलोत सरकार पर सीधा हमला बोला है। मोदी ने कहा कि पूरा राजस्थान कह रहा है– जा रही है कांग्रेस, आ रही है भाजपा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में तो कांग्रेस का डिब्बा गुल है, अब राजस्थान की बारी है। पूरा देश आज भाई दूज का त्योहार मना रहा है और ये मेरा सौभाग्य है कि मैं आज राजस्थान की अपनी बहनों के बीच आया हूं। मोदी ने कहा, मैं दिल्ली से जल जीवन मिशन का पैसा भेजता हूं, लेकिन ये कांग्रेस के लोग आदतन मजबूर उसमें भी कमीशन खा जाते हैं। कांग्रेस के लोग पानी जैसे पुण्य काम में भी पैसे कमाने का कारोबार करते हैं, भ्रष्टाचार करते हैं। जब कांग्रेस के एक मंत्री विधानसभा में राजस्थान को मर्दों का प्रदेश बताकर महिला अपराध की पैरवी करे, तो अपराधियों के हौसले बुलंद हो ही जाते हैं। आपने राजस्थान की मर्दानगी का, वीरता का, नारी सम्मान के लिए सिर काटवा देने वाले वीरों का अपमान किया है।

पीएम ने आगे कहा, श्बीते पांच वर्षों में राजस्थान में आप लोग कोई भी तीज त्योहार शांति से नहीं मना पाए हैं। कभी दंगे, कभी पत्थरबाजी, कभी कर्फ्यू... कांग्रेस की पिछले पांच सालों की यही तस्वीर रही है, इसलिए कांग्रेस को यहां से हटाना बहुत जरूरी है। आप सोचिए, जहां–जहां कांग्रेस आती है, वहां आतंकी, दबंग और दंगाई के हौसले क्यों बढ़ते हैं? इसका जवाब है– कांग्रेस की तुष्टीकरण की नीति। कांग्रेस राजस्थान को उस दिशा में ले जा रही है, जहां राजस्थान की संस्कृति और परंपरा खतरे में पड़ जाएगी।

### राजस्थान में सुरक्षित नहीं मासूम बच्चियां

पीएम ने कहा कि डालीबाई की इस पावन धरा पर माताओं–बहनों के मान सम्मान के लिए जान की बाजी लगा दी जाती है। ऐसे राजस्थान को कांग्रेस ने महिलाओं के प्रति अत्याचार में सबसे आगे ला दिया है। हमारी माताओं–बहनों का घर से निकलना भी मुश्किल है, मासूम बच्चियां भी सुरक्षित नहीं हैं।

# विराट कोहली ने लगाया शतकों का अर्धशतक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इंडिया वर्सेस न्यूजीलैंड वर्ल्ड कप 2023 सेमीफाइनल में 50वां वनडे शतक जड़कर नायाब इतिहास रच डाला। वह वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा सेंचुरी लगाने वाले खिलाड़ी बन गए है। उन्होंने महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड ध्वस्त किया है। सचिन ने अपने करियर में 49 शतक ठोके। बता दें कि कोहली की मौजूदा टूर्नामेंट में यह तीसरी सेंचुरी है। उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 101 रन बनाकर सचिन के 49वें शतक की बराबरी की थी।

कोहली ने इसके अलावा सेमीफाइनल में सचिन का एक और धांसू रिकॉर्ड तोड़ा। वह वर्ल्ड कप के एक संस्करण में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बन चुके हैं। सचिन ने वर्ल्ड कप 2023 में 673 रन जोड़े थे और अब कोहली ने इस आंकड़े को पार कर लिया है। सचिन के बाद लिस्ट में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ओपनर मैथ्यू हेडन (659, वर्ल्ड कप 2007), कप्तान रोहित शर्मा (648, वर्ल्ड कप 2019) और कंगारू सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर (647, वर्ल्ड कप 2019) हैं।

### इतिहास

■सचिन तेंदुलकर का महारिकॉर्ड हो गया ध्वस्त




**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# ओवरटेक करने के लिए दो बसों से लगी थी होड़...

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

डोडा। जम्मू–कश्मीर के डोडा जिले में बुधवार को बड़ा सड़क हादसा हुआ। भीषण हादसे में अब तक 38 यात्रियों की जान चली गई। हादसे में 17 यात्री घायल हैं। इनमें से कई यात्रियों की हालत गंभीर बनी हुई है। चार घायलों को जीएमसी जम्मू के लिए एयरलिफ्ट किया गया। घटनास्थल पर कोहराम मच गया। मृतकों की संख्या में इजाफा हो सकता है।

### अब तक 38 यात्रियों की चली गई जान

जानकारी के अनुसार, डोडा जिले के बग्गर इलाके के त्रांगल में बुधवार दोपहर 12 बजे के करीब यह दर्दनाक हादसा हुआ। यहां एक बस अनियंत्रित होकर करीब 300 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे का शिकार हुई बस किश्तवाड़ से जम्मू की तरफ जा रही थी।

दर्दनाक हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। साथ ही पुलिस को भी सूचना दी। घायलों को इलाज के लिए जीएमसी डोडा ले जाया गया है। इनमें से भी कुछ की हालत गंभीर है। ऐसे में मरने वालों का आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। बस में 55 लोग सवार थे।

## न्यूज डायरी



### अल शिफा के हालात पर चिंता जाहिर अमेरिका ने चिंता जाहिर की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** गाजा पट्टी। गाजा के अल शिफा अस्पताल में इजरायली सैनिकों की सैन्य कार्रवाई लगातार जारी है। इजरायल का दावा है कि हमास ने अल शिफा अस्पताल को एक कमांड सेंटर बना रखा है। हजारों फलस्तीनी घायलों के बीच हमास के लड़ाके अस्पताल में छुपे हुए हैं। युद्ध की वजह से गाजा के सबसे बड़े अस्पताल में ना तो बिजली है और न ही डॉक्टरों के पास इलाज करने के लिए जरूर मेडिकल सामग्री। अल शिफा अस्पताल में सैकड़ों मासूम जिंदगी से जंग लड़ने पर मजबूर हैं। अमेरिका सहित पूरी दुनिया अल शिफा के हालात पर चिंता जाहिर कर रही है। व्हाइट हाउस ने देर रात कहा है कि अस्पताल में मौजूद मरीजों की हर हाल में सुरक्षा की जानी चाहिए। हालांकि, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के एक प्रवक्ता ने अस्पताल में इजरायल द्वारा चलाए जा रहे सैन्य अभियान को लेकर कहा कि व्हाइट हाउस इस कार्रवाई की बारीकियों पर चर्चा नहीं करेगा। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने कहा कि हम किसी अस्पताल पर हवाई हमले का समर्थन नहीं करते। हम अस्पतालों में गोली चलते और निर्दोष लोगों को मरते नहीं देखना चाहते हैं। अस्पतालों में मौजूद मरीजों की रक्षा की जानी चाहिए। वहीं, हमास ने बुधवार को कहा कि अमेरिकी घोषणा ने इजरायल को अस्पताल पर हमला करने के लिए प्रभावी रूप से हरी झंडी दे दी है। गाजा में मौजूद नागरिकों की मानें तो अस्पताल में फिलहाल हजारों की तादाद में लोग मौजूद हैं।

### सुएला ब्रेवरमैन ने बर्खास्त होने के बाद ऋषि सुनक पर फोड़ा लेटर बम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। ब्रिटेन के गृह सचिव के पद से अनौपचारिक रूप से हटाए जाने के एक दिन बाद कंजर्वेटिव पार्टी की सांसद सुएला ब्रेवरमैन ने प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को कड़े शब्दों में एक पत्र लिखा। जिसमें उन्होंने ऋषि सुनक पर प्रमुख नीतियों पर स्पष्ट रूप से और बार–बार विफल रहने का आरोप लगाया। ब्रेवरमैन ने त्याग पत्र में लिखा, ग्रीष्मकालीन नेतृत्व प्रतियोगिता के दौरान जब प्रधानमंत्री पद के लिए पार्टी के अधिकांश सांसदों ने आपको रिजेक्ट कर दिया था और पीएम बनने के लिए कोई व्यक्तिगत जनादेश नहीं होने के बावजूद, आपने मुझे प्रमुख नीतिगत प्राथमिकताओं पर जो दृढ़ आश्वासन दिया था, उसकी वजह से मैंने आपको समर्थन दिया था। उनके पत्र में कहा गया, ये प्राथमिकताएं अवैध प्रवासन को कम करना, चौनल को पार करने वाली छोटी नौकाओं को रोकना, उत्तरी आयरलैंड प्रोटोकॉल और ईयू कानून को एक साल पहले की तरह लागू करने के लिए गाइडलाइंस जारी करना हैं, लेकिन आप इन प्रमुख नीतियों में से हर एक को पूरा करने में स्पष्ट रूप से और बार–बार विफल रहे हैं।

### दुनिया इजरायल–हमास जंग में उलझी, ईरान ने उठाया फायदा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेहरान। इजरायल का दुश्मन ईरान अब हमास के साथ उसकी जंग का फायदा उठाने में लग गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक जब से जंग शुरू हुई तब से लेकर अब तक ईरान में 114 लोगों को फांसी दी जा चुकी है। इससे साफ होता है कि जहां दुनिया का ध्यान इजरायल–हमास जंग में लगा है तो ईरान इसका फायदा अपनी जेलों में बंद कैदियों को बड़े पैमाने पर फांसी देने के लिए उठा रहा है। कई अधिकार समूह ईरान में जारी फांसी की सजा और मनगढ़ंत अपराधों के लिए मौत की सजा जारी करने पर चिंता जता रहे हैं। एमनेस्टी इंटरनेशनल के अनुसार, चीन के बाद ईरान दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा जल्लाद है। संगठन के मुताबिक इस साल की शुरुआत से 649 फांसी की घटनाएं दर्ज की गई हैं। इनमें से 114 गाजा पट्टी में इजरायल और ईरान समर्थित हमास आंदोलन के बीच युद्ध की शुरुआत के बाद से दी गई हैं। अमेरिका स्थित मानवाधिकार कार्यकर्ता समाचार एजेंसी (एचआरएएनए) ने पिछले बुधवार को घेजल हेसर जेल में नौ लोगों के एक समूह को फांसी दिए जाने की सूचना दी। अधिकार समूह के अनुसार, तीन कैदियों को नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया था, पांच को हत्या के लिए और एक को सशस्त्र डकैती के लिए दोषी ठहराया गया था।

# गाजा में इजरायल जो कर रहा, वो पूरी दुनिया देख रही

## ट्रूडो के बयान पर इजरायली पीएम नेतन्याहू का फूटा गुस्सा

**युद्ध**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



ओटावा। इजरायल–हमास जंग का 39वां दिन है और हालात बद से बदतर होते जा रहे है। इस बीच कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने इजरायल द्वारा गाजा पट्टी पर किए जा रहे जवाबी हमले पर ऐसा बयान दे दिया है, जिससे इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का गुस्सा फूट पड़ा है। दरअसल, 7 अक्टूबर को हमास द्वारा इजरायल पर अचानक किए गए हमले के बाद से इजरायली सेना गाजा में हमास के ठिकानों पर लगातार हमला कर रही है। गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, युद्ध शुरू होने के बाद से 11,000 से अधिक फलिस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें से दो–तिहाई महिलाएं और नाबालिग शामिल हैं।

इसी को देखते हुए कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो ने इजरायली हमलों की तीखी आलोचना की और कहा, गाजा पट्टी में महिलाओं, बच्चों और शिशुओं की हत्या बंद होनी चाहिए।श ट्रूडो ने कहा कि इजरायल को हमास के खिलाफ अपनी रक्षा करने का पूरा अधिकार है, लेकिन प्रभावित क्षेत्र में बढ़ती मौतों की संख्या एक चिंता का विषय है। मैं इजरायल सरकार से अधिकतम संयम बरतने का आग्रह करता हूं।

ब्रिटिश कोलंबिया के पश्चिमी प्रांत में एक संवाददाता सम्मेलन में ट्रूडो ने कहा कि हम डॉक्टरों, परिवार के सदस्यों, जीवित बचे लोगों, उन बच्चों की गवाही सुन रहे हैं जिन्होंने अपने माता–पिता को खो दिया है। दुनिया महिलाओं, बच्चों और शिशुओं की हत्या को टीवी पर, सोशल मीडिया पर सबकुछ देख रही है। इसे रोकना होगा। ट्रूडो ने यह भी कहा कि हमास को फलिस्तीनियों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल करना बंद करना होगा और अपने सभी बंधकों को रिहा करना चाहिए।

ट्रूडो की इस आलोचना पर इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कनाडाई पीएम ट्रूडो को आड़े हाथों लिया और कहा, श जानबूझकर नागरिकों (फलिस्तीनियों) को निशाना इजरायल नहीं बल्कि हमास बना रहा है। ये हमास है जिसने नरसंहार के बाद से यहूदियों पर किए गए सबसे भयानक हमले में नागरिकों के सिर काटे, जलाए और नरसंहार किया। एक तरफ जहां इजरायल नागरिकों (फलिस्तीनियों) को नुकसान से दूर रखने के लिए सब कुछ कर रहा है, तो वहीं हमास उन्हें ही ढाल बनाकर नुकसान पहुंचा रहा है।

नेतन्याहू ने ट्रूडो को जवाब देते हुए कहा कि इजरायल गाजा में नागरिकों को मानवीय गलियारे और सुरक्षित क्षेत्र प्रदान कर रहा है, तो वहीं हमास उन्हें बंदूक की नोक पर जाने से रोक रहा है। यह हमास है, इजरायल नहीं, जिसे दोहरे युद्ध अपराध के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। नागरिकों के पीछे छिपकर नागरिकों को निशाना बनाना हमास का काम है। हमास की बर्बरता को हराने में इजरायल का समर्थन करना चाहिए। गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, युद्ध शुरू होने के बाद से 11,000 से अधिक फलिस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें से दो–तिहाई महिलाएं और नाबालिग शामिल हैं।

## सैनिकों पर हमलों ने बढ़ाई अमेरिका की चिंता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में अपने पैट्रियट मिसाइल डिफेंस सिस्टम की तैनाती को बढ़ाने का फैसला लिया है। बीते कुछ दिनों में इराक और सीरिया में अमेरिकी सैनिकों पर लगातार हमले हुए हैं। अपने सैनिकों पर हमलों के बाद अमेरिका सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल रक्षा प्रणाली को मिडिल ईस्ट भेज रहा है। पिछले महीने इराक और सीरिया में दर्जनों अमेरिकी सैनिकों पर हमले हुए हैं। इन हमलों के पीछे अमेरिका ने ईरान समर्थित आतंकी गुटों को जिम्मेदार ठहराया है। द वॉल स्ट्रीट जर्नल और सोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, पेंटागन के अधिकारियों ने बताया है कि आतंकवादी समूहों ने 17 अक्टूबर से अब तक अमेरिकी कर्मियों के घरों और दूसरे ठिकानों पर 50 से ज्यादा हमले किए हैं। ये हमले रॉकेट और ड्रोन से किए गए हैं। ऐसे में अमेरिका अपने सैनिकों और कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर चिंता में है।

अमेरिकी रक्षा विभाग ने बताया है कि ईरान के समर्थित आतंकी संगठनों की ओर से किए गए हमलों के जवाब में रक्षा सचिव लॉयड जे. ऑस्टिन ने पैट्रिएट मिसाइल सिस्टम और मिडिल ईस्ट में ज्यादा बटालियनों की तैनाती भी शामिल है।



मंदिर में परिवार सहित यूके के पीएम ऋषि सुनक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। यूके के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक जो देश के पहले हिंदू पीएम हैं, अब अपने नए वीडियो से लोगों का दिल जीत रहे हैं। सुनक का यह वीडियो एक मंदिर का है। यहां पर उन्हें अपने परिवार के साथ भजन, कीर्तन का आनंद उठाते हुए देखा जा सकता है। लोग इस वीडियो के सामने आने के बाद सुनक की काफी तारीफ कर रहे हैं। कुछ महीने पहले ही उनका एक और वीडियो सामने आया था जिसमें ब्रिटिश पीएम को एक राम कथा में देखा गया था। सुनक पहले भी कई बार खुद को एक गौरान्वित हिंदू कह चुके हैं। सुनक अक्टूबर 2022 में इस देश के प्रधानमंत्री बने हैं और वह एशियाई मूल के पहले व्यक्ति हैं जो इस पद पर पहुंचे हैं।

# मालदीव में भारतीय सैनिकों की जगह चीनियों को नहीं आने देंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

माले। मालदीव के निर्वाचित राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू ने एक बार फिर दोहराया है कि उनके पदभार संभालने के बाद भारतीय सैनिकों को देश से जाना ही होगा। हालांकि उन्होंने ये भी साफ किया है कि भारतीय सैनिकों की जगह चीनी सैनिक नहीं लेंगे। मोइज्जू ने इस बात को भी खारिज कर दिया कि वह चीन के बहुत करीब हैं। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि भारतीय सैनिक हमारे देश से चले जाएं ताकि किसी अन्य देश को अपनी सैन्य टुकड़ियां यहां लाने के लिए जगह मिल सके। उन्होंने साफ किया कि वह सिर्फ मालदीव के समर्थक हैं और चीन या किसी अन्य देश को भारतीय सैनिकों की जगह लेने की इजाजत नहीं देंगे।

**17 नवंबर को राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे मोइज्जू**

नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मोइज्जू ने हिंद महासागर द्वीपसमूह में प्रतिद्वंद्विता पर कहा कि मालदीव इस मुकाबले में जाने के लिहाज से बहुत छोटा देश है। ऐसे में मुझे मालदीव की विदेश नीति में इसे शामिल करने में कोई खास दिलचस्पी नहीं है। हम भारत, चीन और दूसरे सभी देशों के साथ मिलकर काम करने जा रहे हैं। हमने मालदीव की बेहतरी के लिए सभी के साथ मिलकर चलने का फैसला लिया है। मोइज्जू ने कहा कि उन्हें 50 से 75 भारतीयकर्मियों की वापसी को संवेदनशील मुद्दा माना है। उन्होंने कहा कि इस पर उनकी नई दिल्ली के साथ औपचारिक बातचीत जल्दी ही शुरू होने की उम्मीद है। ये जल्दी ही होगा क्योंकि मालदीव के लोगों ने किसी भी सैन्य उपस्थिति की अनुमति देने के लिए मुझे वोट नहीं दिया है। इसलिए हम उन्हें हटाने के लिए भारत सरकार से बात कर रहे हैं और मुझे यकीन है कि हम शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से ऐसा कर सकते हैं। मोइज्जू ने कहा कि उनका काम मालदीव को उसके विशाल समुद्री क्षेत्र में गश्त करने के लिए उपहार में दिए गए तीन विमानों को संचालित करने के लिए तैनात भारतीय सुरक्षाकर्मियों की एक इकाई को हटाना है।

### पाकिस्तान ने यूक्रेन को 36.4 करोड़ डालर के हथियार बेचे


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने कथित तौर पर पिछले साल दो निजी अमेरिकी कंपनियों के साथ हथियार सौदे में 364 मिलियन अमेरिकी डॉलर कमाए है। एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पाकिस्तान को यह कमाई रूस के साथ युद्ध में यूक्रेन को गोला–बारूद की आपूर्ति करने में हुई है। एक ब्रिटिश सैन्य मालवाहक विमान ने युद्धग्रस्त देश को हथियारों की आपूर्ति करने के लिए रावलपिंडी में पाकिस्तान वायु सेना बेस नूर खान से साइप्रस, अक्रोटिरी में ब्रिटिश सैन्य अड्डे और फिर रोमानिया के लिए कुल पांच बार उड़ान भरी। हालांकि, पाकिस्तान ने लगातार इस बात से इनकार किया है कि उसने रोमानिया के पड़ोसी देश यूक्रेन को कोई गोला–बारूद मुहैया कराया है। पाकिस्तान ने यूक्रेन को हथियार उपलब्ध कराने के इन समझौतों पर 17 अगस्त, 2022 को हस्ताक्षर किए थे।

Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# बाबा केदार के जयकारों के साथ बंद हुए केदारनाथ धाम के कपाट

आस्था

## छह माह ऊखीमठ स्थित ओंकारेश्वर मंदिर में होगी बाबा केदार की पूजा

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। भैया दूज के पावन अवसर पर श्री केदारनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद हो गए हैं। बुधवार सुबह विधि–विधान के साथ कपाट बंद होने के बाद सेना के बैंड की भक्तिमय धुनों के साथ बाबा की पंचमुखी विग्रह मूर्ति शीतकालीन गद्दी स्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ के लिए प्रस्थान कर चुकी है। भारी संख्या में श्रद्धालु बाबा केदार के जयकारों के साथ डोली के साथ धाम से रवाना हुए। अब अगले छह माह बाबा के दर्शन श्री ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में ही होंगे।

बुधवार भोर काल में बाबा केदारनाथ मंदिर खुलने के बाद चार बजे से कपाट बंद करने की समाधि पूजन प्रक्रिया शुरू हुई। मुख्य पुजारी शिवलिंग ने भगवान केदारनाथ के स्वंभू ज्योर्तिलिंग को श्रृंगार रूप से समाधि रूप दिया।ज्योर्तिलिंग को बाघांबर, भृंगराज फूल,भस्म, स्थानीय शुष्क फूलों– पत्तों आदि से ढक दिया गया। इसके साथ ही भकुंट भैरव नाथ के आह्वान के साथ ही गर्भगृह तथा मुख्य द्वार को जिला प्रशासन की मौजूदगी में बंद किया गया। इसके साथ ही पूरब द्वार को भी सीलबंद किया गया। कपाट बंद होने के अवसर पर मंदिर को विशेष रूप से फूलों से सजाया गया था। सैकड़ों तीर्थयात्री कपाट बंद होने के गवाह बने इस दौरान सेना के भक्तिमय धुनों के साथ जय श्री केदार तथा ऊं नम् शिवाय के उदघोष से केदारनाथ गूंज उठा। कपाट बंद होने के बाद भगवान केदारनाथ की पंचमुखी डोली तीर्थयात्रियों के साथ सेना के बैंड बाजों के साथ पैदल प्रथम पड़ाव रामपुर के लिए प्रस्थान हुई। आज डोली फाटा से होते हुए रात्री विश्राम के लिए विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी पहुँचेगी। वहीं शुक्रवार को गुप्तकाशी से प्रस्थान कर सुबह करीब 11 बजे श्री ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ पहुँचेगी।



कपाट बंद होने के अवसर पर बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र की प्रेरणा तथा मुख्यमंत्री धामी के मार्गदर्शन में श्री केदारनाथ यात्रा का सफलतापूर्वक समापन हो रहा है।

जिलाधिकारी डॉ सौरभ गहरवार ने केदारनाथ धाम यात्रा को सफल एवं सुगम बनाने के लिए तीर्थ पुरोहित समाज, मंदिर समिति, व्यापार मंडलों, जनप्रतिनिधियों, घोड़ा–खच्चर संचालकों, टैक्सी यूनियन समेत यात्रा से जुड़े सभी लोगों एवं संस्थानों का धन्यवाद दिया। साथ ही जिले के सभी अधिकारियों, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस प्रशासन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, यात्रा मैनेजमेंट फोर्स, आपदा प्रबंधन, जल एवं विद्युत निगम, सफाई कर्मचारियों और मीडिया व प्रेस का धन्यवाद देते हुए यात्रा के सफल संचालन की बधाई दी। जिलाधिकारी ने कहा कि अगले साल और बेहतर तरीके से यात्रा संचालन के लिए प्रयास किए जाएंगे।

## न्यूज डायरी

### दो ट्यूबवेल खराब, भगवानपुर और लोहरियासाल में जल संकट

**संवाददाता** हल्द्वानी। शहर में त्योहार में लोगों को जरूरतभर का पानी नहीं मिल पाया। एक साथ दो ट्यूबवेल खराब होने से दो क्षेत्रों को लोगों को पानी नहीं मिला। लोगों को जरूरत का पानी निजी टैंकरों से मंगाना पड़ा। वहीं सप्लाई न होने से हजारों की संख्या में लोगों को दिक्कतें बनी रहीं। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में हर दिन पेयजल का संकट बना रहता है। ऐसे में लगातार खराब हो रहे ट्यूबवेल समस्या को और बढ़ा देते हैं। दिवाली के मौके पर भगवानपुर जयसिंह और लोहरियासाल मल्ला गौड़धड़ा में एक साथ ट्यूबवेल खराब हो गए। इससे दोनों क्षेत्रों में पेयजल संकट गहरा गया। वहीं त्योहार के दौरान ट्यूबवेल खराब होने से स्थानीय लोगों में आक्रोश बना हुआ है। उन्होंने समस्या का समाधान जल्द न किए जाने पर विभाग के खिलाफ आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

### गार्ड ऑफ ऑनर के साथ पंचतत्व में विलीन हुए हवलदार दीप

**संवाददाता** हल्द्वानी। लंबे समय से बीमार चल रहे सेना में हवलदार दीप बुधवार को गार्ड ऑफ आनर के बाद पंचतत्व में विलीन हो गए हैं। बीते मंगलवार को हवलदार का निधन हो गया था। हिम्मतपुर तल्ला हरीपुर नायक निवासी दीप मेलकानी (38) 13 महर रेजीमेंट में हवलदार पद पर तैनात थे। वर्ष 2018 से बीमार चल रहे थे। मंगलवार को दिल्ली के एक अस्पताल में उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। दीप अपने पीछे पत्नी पुष्पा मेलकानी, 12 वर्षीय बेटे निर्मल व 7 वर्षीय बेटी को छोड़ गए हैं। बीते रात दीप के शव को आर्मी कैंट में रखा गया था। बुधवार को रेजिमेंट के जवानों ने उन्हें गार्ड आफ आनर के साथ अंतिम विदाई दी। इस दौरान लोगों की आंखें नम हुई। परिजनों में कोहराम मचा है।

### एलएलबी के छात्र पार्थ के हत्यारों को नहीं खोज पाई पुलिस

**संवाददाता** हल्द्वानी। एलएलबी के छात्र पार्थ की हत्यारों को पुलिस 15 दिन बाद भी नहीं खोज पाई है। यह स्थिति तब है जबकि पार्थ के परिजन तीन युवकों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर चुके हैं। पुलिस आरोपियों से हत्या का राज उगलवाने में नाकाम साबित होती दिख रही है। हालांकि पुलिस आरोपियों से कई बार पूछताछ कर चूकी है। मालूम हो कि बीते 31 अक्टूबर की रात मूल से पिथौरागढ़ निवासी पार्थ सिंह सामंत (23) पुत्र राजेंद्र सिंह सामंत बच्चीनगर कठघरिया का आरके टेंट हाउस रोड में उसी के कार में शव मिला था। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि पुलिस जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी कर लेगी।

## शहर में पेयजल आपूर्ति के लिए खर्च किए जाएंगे दो करोड़

**संवाददाता** हल्द्वानी। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए राहत भरी खबर है। बिठौरिया समेत क्षेत्रों में पेयजल योजना के लिए दो करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। जल संस्थान की ओर से योजना के तहत प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया गया है। इस धनराशि से कम व्यास वाली लाइनों को बदलने के साथ ही नई पेयजल लाइनें बिछाने का काम किया जाएगा।

शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बारह महीने पेयजल का संकट बना रहता है। जल संस्थान गौला नदी के पानी को फिल्टर प्लांट में साफ कर और ट्यूबवेल की मदद से पानी की आपूर्ति करता है। इसके बाद भी हर दिन लगभग 30 एमएलडी पानी की कमी बनी रहती है। इस स्थिति में कम व्यास की पुरानी लाइन घरों तक पानी पहुंचाने में नाकाम हो जाती है। इसके साथ ही कई इलाकों में जंक लगने से लाइनों से पानी लीकेज होकर बहता रहता है। इस स्थिति में उपभोक्ताओं के साथ ही विभाग को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

अब इसके समाधान के लिए विभाग ने कवायद शुरू कर दी है। पेयजल की कमी से जूझ रहे बिठौरिया क्षेत्र में नई लाइनों को बिछाए जाने के लिए 1.75 करोड़ को प्रस्ताव बना कर मुख्यालय भेजा गया है। इसके साथ ही अलग–अलग क्षेत्रों में लाइन को बदलने के लिए लगभग 25 लाख की लागत के प्रस्ताव बनाए गए हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार मंजूरी मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिए जाएंगे।



### 20 साल बाद पत्नी के साथ पैतृक गांव ल्वाली पहुंचे धोनी

**संवाददाता** अल्मोड़ा। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी 20 साल बाद पत्नी साक्षी और अपने कुछ दोस्तों के साथ बुधवार को अपने पैतृक गांव ल्वाली पहुंचे। महेंद्र सिंह धोनी की पत्नी साक्षी ने गांव पहुंचकर गांव के लोगों को पैलाग कहकर उनका अभिवादन किया। वहीं, काला चश्मा पहने साक्षी गांव के प्राकृतिक सौन्दर्य से अभिभूत नजर आई। उन्होंने गांव की महिलाओं के साथ खूब बातचीत की। इस दौरान गांव की बुजुर्ग महिलाओं ने धोनी और उनकी पत्नी का पारंपरिक च्यूड़े से पूजन कर उन्हें तरक्की का आशीर्वाद दिया। गांव और क्षेत्र के युवा क्रिकेट की बारीकियां सीखने के लिए धोनी के पास पहुंच गए। बच्चे धोनी से कहने लगे हम भी आपकी तरह क्रिकेटर बनना चाहते हैं। धोनी ने उनकी हौसला अफजाई की।

## वीर आदिवासी नायक बिरसा मुंड की जयंती पर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**संवाददाता** ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन में पांचवें ऐतिहासिक सांस्कृतिक संगीत महोत्सव की शुरूआत हुई। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी के पावन सान्निध्य में दीप प्रज्वलित कर विधिवत दो दिवसीय संगीत संध्या का शुभारम्भ किया।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि शास्त्रीय संगीत व नृत्य भारत की गौरवशाली परम्परा रही है। भारत के शास्त्रीय नृत्य का प्रथम स्रोत हमें भरत मुनि जी के नाट्यशास्त्र से प्राप्त होता है। स्वामी जी ने कहा कि नृत्य की लय, गति व ताल के साथ जीवन की लय, गति व ताल भी सध जाये तो जीवन सफल हो जायेगा। भारतीय शास्त्रीय नृत्य विधाओं

**परमार्थ निकेतन में पांचवा ऐतिहासिक सांस्कृतिक संगीत महोत्सव का आयोजन**

का समृद्ध और सांस्कृतिक इतिहास रहा है। भारत की सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने और विश्व स्तर पर सांस्कृतिक विविधता और समझ को बढ़ावा देने के लिये इन नृत्य विधाओं का संरक्षण और प्रचार किया जाना अत्यंत आवश्यक है। भारत अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिये पूरी दुनिया में जाना जाता है। भारतीय शास्त्रीय नृत्य और संगीत हमारी गौरवशाली विरासत है और भारतीय शास्त्रीय नृत्यों व संगीत की विधाओं को विकसित करने और परिष्कृत करने हेतु हजारों वर्ष लगे हैं इसलिये ये भारतीय संस्कृति, पौराणिक कथाओं और धार्मिक परंपराओं से गहराई से संबंधित हैं अतः इन्हें जीवंत व जागृत रखना हम सभी का परम कर्तव्य है। भारत में आठ शास्त्रीय नृत्य विधायें हैं और इनमें से प्रत्येक नृत्य विधा की अपनी अनूठी शैली, इतिहास और सांस्कृतिक महत्त्व है इसलिये इन्हें गौरवशाली मंच प्रदान करना आवश्यक है।

परमार्थ निकेतन में प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी पंडित चंद्र कुमार मलिक मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा दो दिवसीय संगीत सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य उत्तराखंड के कलाकारों और संगीत की ऐतिहासिक संस्कृति को एक मंच प्रदान करना है। स्वामी चिदानन्द सरस्वती कलाकारों को सर्टिफिकेट्स प्रदान कर उनकी कला का अभिनन्दन किया।

### यमुनोत्री मंदिर के कपाट शीतकाल के लिए बंद

**संवाददाता** उत्तरकाशी। भैयादूज के पावन पर्व पर बुधवार को सुबह 11:57 बजे विश्व प्रसिद्ध यमुनोत्री मंदिर के कपाट वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। इसके बाद शीतकाल में छह माह तक मां यमुना के दर्शन उनके शीतकालीन प्रवास खुशीमठ (खरसाली) में होंगे।

पौराणिक परंपरानुसार भैया दूज के पावन पर्व पर बुधवार को सुबह मां यमुना के शीतकालीन प्रवास खरसाली से शनिदेव की डोली यमुनोत्री धाम पहुंची, जहां यमुनोत्री में विधिवत पूजा अर्चना और हवन यज्ञ किया गया, जिसके बाद 11 बजकर 57 मिनट पर अभिजीत मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शीतकाल के लिए यमुनोत्री मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए। कपाट बंद किए जाने के बाद मां यमुना की डोली यमुनोत्री से शनि देव की डोली एवं वाद्ययन्त्रों की अगुवाई में अपने शीतकालीन प्रवास खुशीमठ के लिए रवाना हुई। शाम को खरसाली में श्रद्धालुओं ने मां यमुना जी का भव्य स्वागत किया।





# अधूरा आरक्षण

**यह बात मानी जा सकती है, लेकिन अभी तक यह साफ नहीं है कि उससे इस मसले को हल करने की क्या राह निकलेगी। गौर करने की बात है कि राज्य में कोई भी पार्टी इस मांग केमहा खिलाफ नहीं है। शुरू से ही सभी दल और तमाम प्रमुख नेता इस मांग का समर्थन करते रहे हैं।**

अनुज सनवाल।।

महाराष्ट्र में मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के हिंसक हो जाने के बाद मंगलवार को राज्य सरकार ने कुछ अहम फैसले लिए। जैसी कि आंदोलनकारी मांग कर रहे थे, मराठों को कुणबी सर्टिफिकेट देने से जुड़ी जस्टिस संदीप शिंदे समिति की पहली रिपोर्ट को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। इसके अलावा, मराठा आरक्षण से जुड़े कानूनी पहलुओं पर विचार करने के लिए तीन सदस्यों की एक समिति बनाई गई और यह भी कहा गया कि पिछड़ा आयोग मराठा समुदाय की सामाजिक और शैक्षणिक स्थिति पर ताजा सूचनाएं जुटाएगा। मगर राज्य सरकार के इन फैसलों से मराठा समुदाय के आंदोलन पर कितना असर पड़ेगा यह अभी साफ नहीं है। इस मांग को लेकर अनशन पर बैठे मनोज जरांगे का कहना है कि मराठा समुदाय को अधूरा आरक्षण स्वीकार्य नहीं होगा। वह विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने पर भी जोर दे रहे हैं। यह बात मानी जा सकती है, लेकिन अभी तक यह साफ नहीं है कि उससे इस मसले को हल करने की क्या राह निकलेगी। गौर करने की बात है कि राज्य में कोई भी पार्टी इस मांग केमहा खिलाफ नहीं है। शुरू से ही सभी दल और तमाम प्रमुख नेता इस मांग का समर्थन करते रहे हैं। नवंबर 2018 में ही महाराष्ट्र विधानसभा मराठा आरक्षण बिल पास कर चुकी है। उसके मुताबिक राज्य की सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थाओं में 16 फीसदी आरक्षण देने का प्रावधान किया गया था। लेकिन बाद में यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा और 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने इसे असंवैधानिक करार दिया।



इस प्रावधान के बाद राज्य में आरक्षण का प्रतिशत 50 फीसदी की सीमा से ऊपर जा रहा था। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि 50 फीसदी की आरक्षण सीमा पर पुनर्विचार करने की जरूरत नहीं है। हालांकि बिहार में जाति आधारित गणना की रिपोर्ट आने और अन्य राज्यों में भी कास्ट सेंसस करवाने की मांग जोर पकड़ने से इस विमर्श में नया आयाम जुड़ रहा है। लेकिन जहां तक महाराष्ट्र में मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की बात है तो उसमें आगे बढ़ने का कोई सीधा रास्ता तत्काल नहीं दिख रहा। पिछले दो दिनों में राज्य के अलग–अलग इलाकों में इसे लेकर जिस तरह की हिंसा देखने को मिली है, उससे हालात और जटिल ही होंगे। अच्छी बात है कि मनोज जरांगे ने इन हिंसक घटनाओं से खुद को पूरी तरह अलग करते हुए अहिंसक तरीकों से ही आगे बढ़ने की बात कही है।

मौजूदा माहौल में सभी संबंधित तबकों को धैर्य और समझदारी दिखाने की जरूरत है। सभी मांगें तत्काल पूरी करने की जिद कहीं नहीं ले जाएगी। कुणबी सर्टिफिकेट के जरिए व्यापक मराठा समाज को आरक्षण की परिधि में लाने का सुझाव भी पहली नजर में ठीक लग सकता है, लेकिन यह बड़ा संवेदनशील मसला है। इसके अमल में भी सभी संबंधित पक्षों की संभावित प्रतिक्रिया का ध्यान रखते हुए सावधानी से आगे बढ़ने की जरूरत है।

## केसरी रंग




**अशोक वोहरा।** सिन्दूर पति की लम्बी आयु और रक्षा के लिए लगाया जाता है। और जो कोई भी स्त्री सिन्दूर लगाती है माता पार्वती उसके पति की रक्षा आवश्य करती है। बस इतना सुनते ही हनुमान जी अंदर से गद गद हो उठे। माता सीता से पूछने लगे की हे माता ! कृपया मुझे बताएं की यह सिंदूर कहा मिलता है। तब माता सीता बोली यह सिंदूर तो यही मेरे कक्ष मे ही है। वैसे यह बाहर बाजार मे बिकता है। पर हनुमान आप इस सिंदूर का क्या करोगे? और यह तो आप सब जानते हो की वो कितने चंचल और नटखट स्वभाव के है। आपने हनुमान जी की केसरी रंग की मूरत मंदिरों में जरूर देखि होगी लेकिन क्या कभी आपने सोचा कि उनकी ये मूरत केसरी रंग की क्यों होती है। बच्चे ये सवाल अक्सर करते है और इस हनुमान कहानी को पढ़कर आपको भी जवाब मिल जाएगा और आप अपने बच्चो को भी अच्छे से समझा सकेंगे।

## संपादकीय

### कम होता जातिभेद

राजनीति से परे हमें समझना होगा कि अब समाज में पहले की तरह जाति भेद और विभाजन नहीं है। सवाल यह भी है कि नीतीश सरकार रिपोर्ट का दूसरा भाग सार्वजनिक करने में विलंब क्यों कर रही है। दूसरे भाग में ही जातियों की सामाजिक–आर्थिक– शैक्षणिक स्थिति का विवरण होगा। इसमें विलंब से पूरी गणना रिपोर्ट पर प्रश्न खड़ा हो गया है। ऐसे में कुछ निष्कर्ष स्पष्ट हैं। इंडिया के साथी दल जातिगत जनगणना को चुनावी रूप से जितना भी क्रांतिकारी घोषित करें, यह शेर के मुंह में हाथ डालने से भी खतरनाक है। बिहार में सरकार भले मान्य कर दे किंतु जनता का बहुत बड़ा समूह इसे संदिग्ध मान रहा है। इससे बीजेपी का वर्तमान स्टैंड सही साबित होता है। बिहार बीजेपी ने रणनीतिक रूप से जाति जनगणना को समर्थन दिया, क्योंकि ऐसा न करने से नीतीश कुमार और लालू प्रसाद यादव उसके विरुद्ध जातीय गोलबंदी की राजनीति कर सकते थे। देश का बहुत बड़ा वर्ग परंपरागत जातीय सोच और व्यवहार से बाहर आ रहा है। उसे ताकत देकर सामाजिक व्यवस्था को ऐसा नया स्वरूप देने के लिए काम करना चाहिए, जिसमें आपसी सहयोग और एकता बढ़े ताकि भारत हर दृष्टि से समृद्ध राष्ट्र बने।

आम विश्लेषकों की टिप्पणी यही है कि बीजेपी की नीति इस विषय पर अस्पष्ट है। क्या यही सच है? पहले देखें कि इस धारणा का आधार क्या है?

# दोहरे रवैये का संदेह

अवधेश कुमार।।

यह सच है कि विपक्ष द्वारा जातीय जनगणना को आगामी चुनाव के लिए मुद्दा बनाए जाने का असर बीजेपी और छक। पर भी पड़ा है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार का जातीय जनगणना के पक्ष में दिखता बयान बताता है कि बीजेपी के सहयोगी दल मनोवैज्ञानिक दबाव में आ रहे हैं। उत्तर प्रदेश में अपना दल भी समाजवादी पार्टी के दबाव में आकर इसकी बात करने लगी है। ऐसे में यह प्रश्न उठता है कि आखिर बीजेपी की जातीय जनगणना पर नीति क्या है? आम विश्लेषकों की टिप्पणी यही है कि बीजेपी की नीति इस विषय पर अस्पष्ट है। क्या यही सच है? पहले देखें कि इस धारणा का आधार क्या है?

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से कराई गई जातीय जनगणना का जहां राष्ट्रीय स्तर पर बीजेपी ने विरोध किया, वहीं प्रदेश पार्टी इकाई ने समर्थन। बिहार जाति आधारित गणना रिपोर्ट का एक अंश आने के बाद बीजेपी ने राजनीतिक रूप से इस पर प्रश्न उठाए, लेकिन नीतिगत विरोध का संदेश वक्तव्य से नहीं आया। नरेंद्र मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में तत्कालीन गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने संसद के अंदर वक्तव्य दिया था कि अगली जनगणना में जाति गणना भी की जाएगी। उस समय बीजेपी



ने उस पर चुप्पी साध ली थी। इनसे निष्कर्ष निकाला जा रहा है कि बीजेपी समझ नहीं पा रही, उसे क्या करना है। वह मनोवैज्ञानिक दबाव में है। किंतु इसके दूसरे पहलुओं को देखें तो बीजेपी की नीति को लेकर कोई संदेह नहीं रहता। मोदी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में जाति जनगणना संबंधी याचिका पर दिए गए हलफनामे में दो बातें बिलकुल साफ कर दी हैं।

पहली, सरकार जातीय जनगणना नहीं कराएगी। दूसरी, जातीय जनगणना व्यावहारिक नहीं है। इस तरह मोदी सरकार की नीति बिल्कुल स्पष्ट है। ध्यान रखने की बात है कि बीजेपी को इस समय अनेक राज्यों में पिछड़ी जातियों के सबसे ज्यादा वोट मिलते हैं। ऐसे में वह माहौल के विरुद्ध इस प्रकार का शपथपत्र देकर सामान्य तौर पर राजनीतिक जोखिम मोल नहीं लेती। वास्तव में इस स्पष्ट रुख के पीछे ठोस कारण हैं। यूपीए सरकार ने 2011 की जनगणना के समानांतर सामाजिक आर्थिक गणना के नाम से जाति जनगणना कराई थी। हालांकि सरकार के अंदर मतभेद के कारण इसे जनगणना आयुक्त की जगह ग्रामीण मंत्रालय के तहत कराया गया जो जारी नहीं हुआ। मोदी सरकार ने जातिगत गणना की रिपोर्ट जारी करने का निर्णय किया और इसकी घोषणा भी कर दी गई। मगर इसकी अध्ययन समिति ने रिपोर्ट पर बारीकी से गौर करने के बाद हाथ खड़े कर दिए। अध्ययन का निष्कर्ष था कि भारत में जाति व्यवस्था इतनी जटिल है कि राष्ट्रीय स्तर पर इसकी गणना करके बिल्कुल स्पष्ट रिपोर्ट देना संभव ही नहीं। इसे जारी करने के बाद देश में सामाजिक अशांति और तनाव बढ़ने का खतरा होगा।

भारत की जाति व्यवस्था का गहराई से अध्ययन करने वालों को पता है कि यह विश्व की अनोखी सामाजिक व्यवस्था थी। बाद के कालखंड में जाति भेद, ऊंच–नीच, छुआछूत आदि ने इसको विरूपित किया। गांधी जी ने भारत में अस्पृश्यता, ऊंच–नीच के उन्मूलन का अभियान चलाया, जाति व्यवस्था समाप्त करने का नहीं।

### सूडोकु नवताल-5323

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु नवताल -5322 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## अपना ब्लॉग

### गणना के आदेश को गंभीरता से नहीं लिया

**मोहन।** अंग्रेजों को लगा कि जब तक भारत की जाति व्यवस्था में फूट नहीं डालेंगे यहां स्थिर रूप से शासन करना संभव नहीं होगा। इसलिए अंग्रेजों ने समाज में फूट डालो और राज करो की नीति के तहत जाति जनगणना कराना शुरू किया। इसका ध्यान रखते हुए नेहरू मंत्रिमंडल ने तय किया कि आगे से भारत में जाति जनगणना नहीं होगी। उस निर्णय में डॉक्टर बाबा साहब आंबेडकर भी शामिल थे। अनुसूचित जाति–जनजाति के लिए आरक्षण की व्यवस्था संविधान में थी, इसलिए उनकी गणना का निर्णय किया गया। इस बीच बिहार में हुई जाति आधारित गणना की रिपोर्ट पर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। रिपोर्ट में यादवों की 14 प्रतिशत से ऊपर की आबादी देखकर लोग हैरत में हैं। सामान्य जातियों की संख्या इतनी कम दिख रही है जिसकी कल्पना ही नहीं थी। बिहार के क्षेत्रों से यह शिकायत आ रही है कि उनके यहां कोई आया ही नहीं। राजनीतिक पाला बदलते रहने के कारण नीतीश कुमार की विश्वसनीयता इतनी नीचे है कि प्रदेश के अधिकारियों और कर्मचारियों ने जाति आधारित गणना के आदेश को गंभीरता से नहीं लिया।





## पापा मेरी जान...में रणबीर-अनिल की इमोशनल बॉन्डिंग

रणबीर कपूर, अनिल कपूर और रश्मिका मंदाना की मोस्ट अवेटेड मूवी एनिमल का नया गाना पापा मेरी जान रिलीज कर दिया गया है। इसमें पापा अनिल और बेटे रणबीर की स्पेशल बॉन्डिंग पर फिल्माया गया है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे बाप और बेटे का रिश्ता बचपन से जवानी तक आते-आते बदल जाता है। साथ ही सोनू निगम की आवाज में ये गाना आपको इमोशनल कर देगा। रणबीर कपूर और अनिल कपूर के बीच इमोशनल रिश्ते को गहराई से दिखाया गया है। इसे सोनू निगम की मधुर आवाज से सजाया गया है। इस गाने में दिखाया गया है कि बचपन में रणबीर के लिए उसके पापा एक हीरो थे और वो उनकी तरह ही बनना चाहता था। उनसे बहुत प्यार करता था, लेकिन उसे अपने पापा की तरफ से वैसा प्यार नहीं मिला। इस वजह से जवानी तक आते-आते दोनों के बीच की खामोशी ने उनके बीच दूरियां बढ़ा दीं। हिंदी के अलावा पापा मेरी जान को तेलुगू, तमिल, मलयालम और कन्नड़ भाषा में भी रिलीज किया गया है। इसके पहले रिलीज गानों हुआ मैं और सतरंगा को भी काफी प्यार मिला है। एनिमल में अनिल कपूर भी अहम भूमिका में हैं और बॉबी देओल विलेन के रोल में हैं। संदीप रेड्डी वांगा के डायरेक्शन में बनी ये मूवी क्राइम ड्रामा है, जो 1 दिसंबर 2023 को रिलीज होगी।

## श्रुति हासन ने दिवाली पर बॉयफ्रेंड शांतनु हजारिका को किया किस

कमल हासन की बेटी और हिंदी-साउथ फिल्मों की फेमस एक्ट्रेस श्रुति हासन ने भी अपने मुंबई वाले घर पर दिवाली पार्टी होस्ट की, जिसमें सिर्फ फैमिली मेंबर्स और करीबी दोस्त शामिल हुए। दोनों ने ना सिर्फ मेहमानों का वेलकम किया, बल्कि श्रुति ने उनके लिए गाना भी गाया। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर बॉयफ्रेंड शांतनु हजारिका संग फोटोज शेयर की हैं, जिसमें वो उन्हें झप्पे करती नजर आ रही हैं। इंस्टाग्राम पर बॉयफ्रेंड शांतनु माहेश्वरी संग फोटो शेयर की। उन्होंने कैप्शन में लिखा, आपको हमारी तरफ से हैप्पी दिवाली। आपको और आपके परिवार को हमेशा प्यार भरी रोशनी और खुशियां मिलती रहें। इनकी लव स्टोरी की शुरुआत साल 2018 में शुरू हुई। श्रुति ने ही शांतनु को प्रपोज किया था। दोनों सोशल मीडिया पर एक-दूसरे संग फोटोज शेयर करते रहते हैं और अपने प्यार की झलकियां दिखाते रहते हैं।

## नातियों ने रजनीकांत को किया दंडवत प्रणाम तो बेटी ने पैरों में लगाई महावर



हमेशा ही अपनी एक्टिंग और रौब से लोगों का दिल जीतने वाले रजनीकांत ने हाल ही परिवार के साथ धूमधाम से दिवाली मनाई। लेकिन इस मौके पर बेटी ऐश्वर्या और नातियों ने कुछ ऐसा किया है, जिसने सबका दिल जीत लिया है। हर कोई उनकी तारीफ कर रहा है। ऐश्वर्या ने पिता रजनीकांत के पैरों पर महावर लगाई तो वहीं नातियों ने उन्हें दंडवत प्रणाम किया। ऐसे संस्कार देख फैंस तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। ऐश्वर्या ने दिवाली सेलिब्रेशन से कुछ तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर कीं। साथ में लिखा, मेरी दिवाली ऐसी रही। उम्मीद करती हूं कि आपकी दिवाली भी खुशियों भरी रही होगी। ऐश्वर्या के इस पोस्ट र फैंस के खूब कमेंट आ रहे हैं। एक तस्वीर में रजनीकांत कुर्सी पर बैठे हैं और बेटी ऐश्वर्या नीचे बैठी हुई उनके पैरों में महावर लगा रही हैं। पैरों पर हल्दी भी लगी है। इस तस्वीर ने फैंस का दिल लूट लिया है। एक और तस्वीर, जिस पर फैंस प्यार लुटा रहे हैं, वह है नातियों द्वारा रजनीकांत को दंडवत प्रणाम किया जाना। प्रोफेशनल फ्रंट की बात करें, तो रजनीकांत जल्द ही फिल्म रंस"संउ में कैमियो करते नजर आएंगे। हाल ही इस फिल्म का टीजर रिलीज किया गया, जिसे अच्छा रिस्पॉन्स मिला। श्लाल सलामश को रजनीकांत की बेटी ऐश्वर्या ने ही डायरेक्ट किया है। यह अगले साल यानी 2024 में रिलीज होगी। इससे पहले रजनीकांत जेलर में नजर आए थे, जिसने 600 करोड़ से ज्यादा की कमाई की, और सुपरहिट रही।

# एल्विश यादव की बढ़ सकती हैं मुश्किलें!

*सांप के जहर की तस्करी और रेव पार्टी मामले में रोजाना नई जानकारी सामने आ रही है। पुलिस इस मामले की जांच में लगी है, जो धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है। इस केस में बिग बॉस विनर एल्विश यादव का भी नाम है। नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार किए गए पांचों आरोपियों की रिमांड खत्म होने से पहले उनसे घंटों पूछताछ की, जिसमें अहम जानकारियां मिलीं। एल्विश यादव से भी की गई पूछताछ में कई बातें सामने आईं। इसी बीच मुख्य आरोपी राहुल की डायरी भी नोएडा पुलिस के हाथ लगी है। बताया जा रहा है कि इस डायरी के मिलने से कई अहम जानकारियां मिली हैं। पुलिस अब आरोपियों और एल्विश यादव को आमने-सामने बिठाकर पूछताछ की तैयारी कर रही है।*



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

### 54 घंटे के लिए रिमांड में लिया

पांचों आरोपियों को नोएडा पुलिस ने 54 घंटे के लिए रिमांड में लिया था, जोकि रविवार, 12 नवंबर को पूरी हो गई। अगर जरूरत पड़ी तो पांचों आरोपियों को दोबारा रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि सांप और उसका जहर बदरपुर के पास स्थित एक गांव से आता था। पूछताछ के दौरान आरोपियों को उन-उन लोकेशन पर ले जाया गया, जो वायरल वीडियो में दिखी थीं।



### बदरपुर से होती थी सांप और जहर की सप्लाई

जांच-पड़ताल के बीच पुलिस की टीम दिल्ली के छतरपुर और फाजलपुरिया के गांव भी पहुंची। छतरपुर में एल्विश यादव का फार्महाउस भी है। वहीं आरोपी राहुल से जो पूछताछ की गई, उसमें सामने आया कि सांपों के साथ-साथ जहर को बदरपुर के गांव से मंगवाया जाता था। राहुल ने बताया कि जैसी डिमांड होती थी, उसके अनुसार वह अपने सोर्सेस और कॉन्टैक्ट का इस्तेमाल कर पार्टियों के लिए सांप और उसका जहर मंगवाता था।

### बड़ी और अहम जानकारियां लगी हाथ

पांचों आरोपियों की रिमांड पूरी होने के बाद उन्हें वापस जेल भेज दिया गया है, हालांकि उनसे दोबारा पूछताछ की जा सकती है। बताया जा रहा है कि पूछताछ में पुलिस के हाथ कई बड़ी और अहम जानकारियां लगी हैं। यह भी पता चला है कि एल्विश यादव की जो पार्टियां होती थीं, उनमें बदरपुर से ही सांप मंगवाए जाते थे। पुलिस को कुछ ऐसे नाम भी पता चले हैं जो रेव पार्टियों में सांपों का खेल भी करवाते थे। और इनके तार एल्विश यादव और फाजलपुरिया से जुड़े हैं।

# अब नए पते और अलग कलेवर में हंसाने आ रहे कीकू और कृष्णा

*कॉमेडियन कपिल शर्मा एक बार फिर से सबको हंसाने आ रहे हैं। लेकिन इस बार अंदाज और पता दोनों अलग और नया होगा। उनके नए कॉमेडी शो का प्रोमो रिलीज हुआ है। इसमें सभी नजर आ रहे हैं लेकिन सुमोना चक्रवर्ती का पत्ता साफ हो गया है।*



जैसा कि आप जानते हैं कि द कपिल शर्मा शो जून, 2023 में ऑफ एयर हुआ था। ऐसा पहली बार नहीं, बल्कि हर साल ऐसा होता है। सभी ब्रेक पर जाते हैं और फिर नए कलेवर के साथ वापसी करते हैं। मगर इस बार ऐसा नहीं होने वाला। हर साल सोनी टीवी पर प्रसारित होने वाला ये शो अब किसी दूसरे प्लेटफॉर्म पर आएगा, जिसका नया प्रोमो खुद कपिल शर्मा की टीम ने रिलीज किया है। क्या है उसमें, आइए आपको भी दिखाते हैं। कपिल शर्मा अब अपना एक पूरा कॉमेडी शो लेकर आ रहे हैं। इसका नाम कपिल शर्माज कॉमेडी शो होगा। साथ ही इसमें सुमोना चक्रवर्ती नजर नहीं आएंगी। वह इस प्रोमो और शो दोनों से गायब हैं। टीम ने भी जिनको-जिनको टैग किया है, उसमें कपिल के अलावा कीकू शारदा, कृष्णा अभिषेक, राजीव ठाकुर, अर्चना पूरन सिंह का ही नाम है। साथ ही कैप्शन लिखा है, सिर्फ घर बदला है, परिवार नहीं। हैशटैग कपिल शर्मा ऑन नेटफ्लिक्स।

### सामने आया था कपिल शर्मा का वीडियो

कपिल शर्मा का हाल ही में एक वीडियो सामने आया था, जिसमें वह ट्रक पर बड़े-बड़े कार्टून लोड करा रहे थे। पपाराजी ने उनसे पूछा भी था कि क्या वो शिफ्ट हो रहे हैं और नए मकान में जा रहे हैं? तो कॉमेडियन ने कोई जवाब नहीं दिया था। इशारों में बस हाथ जोड़ा था और रवाना हो गए थे।

### कपिल शर्मा शो का नया प्रोमो

प्रोमो में कपिल शर्मा अपनी मैनेजर से पुरानी फ्रिज देखकर कहते हैं कि मैंने कहा था ना कि नया घर तो सारा नया सामान। जब कॉमेडियन उसे खोलते हैं तो उसके अंदर अर्चना पूरन सिंह बैठकर मिठाई खाती रहती हैं। हंसते हुए उन्हें हैप्पी दिवाली कहती हैं। इसके बाद अलग-अलग कार्टून-कपबोर्ड में कीकू और कृष्णा भी नजर आते हैं। साथ ही इसमें शायद लड़के, लड़की नहीं बनेंगे। इस बात की तरफ कपिल ने इशारा किया है। कहा कि नया शो मतलब नई चीजें। पुराना कुछ नहीं। हालांकि कबसे आएगा ये इसका खुलासा नहीं किया गया है।

# जहर से भी ज्यादा भयंकर हैं डायबिटीज के ये संकेत



**बार-बार भूख लगना**
डायबिटीज की वजह से ग्लूकोज आपकी सेल्स तक पहुंचने में नाकामयाब होता है, जिसके कारण आपको खाने के बाद भी भूख लगती है। यह प्रमुख लक्षणों में से एक है।

*वर्ल्ड डायबिटीज डे पर ये जानकारी नई दिल्ली के मदर्स लैप आईवीएफ सेंटर की मेडिकल डायरेक्टर डॉक्टर शोभा गुप्ता ने बताई है। जिन्होंने किसी भी लक्षण के दिखने पर तुरंत एक्सपर्ट से बात करने की सलाह दी है।*

**पानी पीते रहनाः** जब आपके खून में शुगर बढ़ जाती है, तो आपकी किडनी इससे छुटकारा पाने के लिए ज्यादा वक्त काम करती हैं। यह आपके टिश्यूज से फ्लूइड खींचता है और आपको डिहाइड्रेटेड बनाता है, जिससे आपको ज्यादा प्यास लगती है।

**टॉयलेट जाते रहनाः** जैसा आपको बताया कि शरीर से फालतू ग्लूकोज निकालने के लिए किडनी अतिरिक्त काम करती हैं, जिस वजह से मरीज को कई बार पेशाब आता है। ऐसे लोग रात में पेशाब का ज्यादा प्रेशर महसूस करते हैं।

**मुंह सूखा-सूखा लगनाः** डिहाइड्रेशन और बार-बार पेशाब करने से शरीर में पानी का लेवल बहुत कम हो जाता है। जिसकी वजह से मुंह सूखने लगता है।

**वजन घटते जानाः** बार-बार पेशाब करने से शरीर में चीनी का लेवल कम हो जाता है। इससे आप अतिरिक्त कैलोरी भी खो देते हैं। चाहे आप पहले जितना खा रहे हों, फिर भी आपका वजन कम हो जाता है।

**बदन टूटनाः** जब आपका शरीर खाने से मिलने वाली एनर्जी का इस्तेमाल नहीं कर पाता, तो आप कमजोरी और थकान महसूस कर सकते हैं। डिहाइड्रेशन भी आपको ऐसा महसूस करा सकता है।

**धुंधली नजर और सिरदर्दः** हाई ब्लड शुगर के कारण आपको आंखों से फोकस करने में परेशानी हो सकती है और नजर में धुंधलापन आ सकता है। यह हाई लेवल आपके सिर दर्द की वजह भी बन सकता है।

**इंफेक्शन या घाव ठीक ना होनाः** डायबिटीज में ब्लड सर्कुलेशन धीमा हो सकता है और आपके शरीर को घाव या इंफेक्शन ठीक करना कठिन बन सकता है। इसके साथ नसों पर भी असर पड़ सकता है और हाथ-पैरों में झनझनाहट महसूस हो सकती है।



## खून से शुगर सोख लेंगी ठंड की ये पावरफुल सब्जी

डायबिटीज कंट्रोल करने के लिए डाइट पर ध्यान देना जरूरी है। सर्दियों का मौसम शुरू हो गया है और इस दौरान सब्जियों की खूब पैदावार होती है। न्यूट्रिशनिस्ट और डाइटीशियन शिखा अग्रवाल शर्मा आज वर्ल्ड डायबिटीज डे पर आपको बता रही हैं कि सर्दियों में किन-किन सब्जियों को खाने से आपको ब्लड शुगर को काबू में रखने में मदद मिल सकती है। फाइबर और विटामिन से भरपूर, ब्रोकोली एक बहुमुखी सब्जी है जिसे भाप में पकाया जा सकता है, भुना जा सकता है या पुलाव में डाला जा सकता है। इसी तरह फूलगोभी एक कम कार्ब वाली सब्जी है, जो ब्लड शुगर को कंट्रोल करने का काम करती है। जड़ वाली सब्जी गाजर बीटा-कैरोटीन और फाइबर का अच्छा स्रोत है। इसकी सब्जी बनाई जा सकती है, सलाद में कच्चा खाया जा सकता है या सूप बनाया जा सकता है। इसी तरह कैलोरी और कार्बोहाइड्रेट में कम मूली भी डायबिटीज के रोगियों के लिए एक अच्छा विकल्प है। विटामिन ए और सी से भरपूर बटरनट स्क्वैश को आप प्राकृतिक मिठास जोड़ने के लिए प्यूरी या सूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। इसी तरह हल्के मीठे स्वाद वाली एकोर्न स्क्वैश फाइबर का एक अच्छा स्रोत है। ब्रसल स्प्राउट एक क्रूसिफेरस वेजिटेबल है जिसमें फाइबर और विटामिन सी की मात्रा अधिक होती है।

## स्ट्रोक पड़ने पर तुरंत अपनाएं ये फर्स्ट एड ट्रीटमेंट

स्ट्रोक पैरालिसिस एक ऐसी स्थिति है, जिसमें ब्रेन में ब्लीडिंग होने लगती है या ब्रेन में ब्लड फ्लो ब्लॉक हो जाता है। सर्दियों में स्ट्रोक का खतरा और भी ज्यादा बढ़ जाता है। यदि किसी को स्ट्रोक का अटैक पड़घ है तो उसे तुरंत फर्स्ट एड देने देने की आवश्यकता है। क्योंकि अटैक पड़ने के कुछ ही मिनटों में ही मस्तिष्क की कोशिकाएं मरने लगती हैं। ऐसे में तुरंत इमरजेंसी ट्रीटमेंट की जरूरत होती है। जितनी जल्दी ट्रीटमेंट मिलता है डैमेज होने खतरा उतना ही कम होता है। इसलिए अपने आप के लोगों के लिए भी अलर्ट रहें और अनपाएं ये तरीके। अटैक के लक्षण नजर आने पर सबसे पहले मरीज को लिटा दें और उनके सिर और कंधे को तकिए से सपोर्ट दें। ध्यान रखें कि उन्हें सीधा लेटा दें। अगर आपको किसी में स्ट्रोक के लक्षण महसूस हो रहे हैं, तो सबसे पहले डॉक्टर को कॉल करें और उनकी मदद लें कि मरीज में दिख रहें लक्षणों पर क्या करना चाहिए।

## ब्लड शुगर को जिंदगीभर काबू रखेगा सीडीएस का ये नियम



डायबिटीज एक गंभीर बीमारी है, जो तेजी से फैल रही है। भारत में डायबिटीज के सबसे ज्यादा मरीज हैं और इसी वजह से इसे डायबिटीज की राजधानी भी कहा जाता है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च-इंडियन डायबिटीज की एक साल 2023 में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में डायबिटीज से लगभग 10.1 करोड़ लोग पीड़ित हैं। डायबिटीज का कोई इलाज नहीं है, इसका मतलब यह है कि एक बार इसकी चपेट में आने पर आपको जिंदगीभर इससे जूझना पड़ेगा। दरअसल डायबिटीज होने पर ब्लड शुगर कंट्रोल नहीं रहता है, जिसका असर आपके पूरे शरीर पर पड़ता है।
ऐसा जरूरी नहीं है कि डायबिटीज के मरीज एक हेल्दी जीवन नहीं जी सकते हैं। वास्तव में आपको ब्लड शुगर को कंट्रोल रखने के लिए दवाओं के साथ खाने-पीने और जीवनशैली में सुधार करना जरूरी है। जब बात हेल्दी डाइट की होती है, तो शुगर के मरीजों को कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले खाद्य पदार्थों का सेवन करना जरूरी हो जाता है क्योंकि ऐसा पदार्थ खून में शुगर को धीरे-धीरे रिलीज करते हैं। आप कब, क्या और कितनी मात्रा में खाते हैं, यह सभी कारक डायबिटीज को सीधे रूप से प्रभावित करते हैं। अगर अप शुगर के मरीज हैं, तो आपको इन बातों का खास ध्यान रखना चाहिए। आपको अपनी प्लेट पर ध्यान देना चाहिए कि उसमें क्या-क्या चीजें और कितनी मात्रा में शामिल हैं।

# उबला अंडा या ऑमलेट, कौन देता है सबसे ज्यादा ताकत?



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*संडे हो या मंडे रोज खाओ अंडे...ये कहावत आपके कई बार सुनी और सुनाई होगी। अंडा खाना हेल्थ के लिए अच्छा माना जाता है। इसे प्रोटीन का सबसे बढ़िया सोर्स माना जाता है। जिम में पसीना बहाने वाले लोग अपनी डाइट में अंडे को जरूर शामिल करते हैं। दुनियाभर में लोग अंडे को अलग-अलग तरीके से खाना पसंद करते हैं। अगर यूं कहे कि अंडा सबसे पॉपुलर ब्रेकफास्ट ऑप्शन है तो गलत नहीं होगा। कई पोषक तत्वों से भरपूर होने की वजह से अंडे का ऑमलेट और ब्रेड भारत में सबसे ज्यादा खाया जाने वाला ब्रेकफास्ट है। लोग उबले हुए अंडे को खाना भी उतना ही पसंद करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि अंडे को उबालकर खाना ज्यादा अच्छा है या फिर ऑमलेट बनाकर? किस तरह से खाने में ज्यादा हेल्थ बेनिफिट्स मिलते हैं? उबला अंडा या फिर ऑमलेट में अंडे के ज्यादा पोषक तत्व मौजूद रहते हैं?*

**अंडे का फंडा**
अंडे में मौजूद पोषक गुणों के कारण लोग इसे खाना पसंद करते हैं। कुछ लोग उबला अंडा पसंद करते हैं, तो वहीं कुछ इसका ऑमलेट बनाकर खाते हैं, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि इन दोनों तरीकों में से कौन-सा तरीका आपके लिए ज्यादा सेहतमंद है। आज हम इसी सवाल का जवाब दे रहे हैं। अंडे में मौजूद प्रोटीन आपकी मसल्स को रिपेयर करने और उनके ग्रोथ में मदद करता है।
अंडे में मौजूद विटामिन डी, बी12 और राइबोफ्लेविन शरीर को क्विक एनर्जी पहुंचाते हैं। अंडे में प्रचुर मात्रा में कोलीन होता है, जो





मस्तिष्क के स्वास्थ्य और उसके विकास में मदद करते हैं। अंडे में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट आंखों के लिए फायदेमंद होते हैं। वहीं अंडे में मौजूद अनसैचुरेटेड फैट शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल लेवल को बढ़ाने में मदद करता है।

**उबला अंडा या फिर ऑमलेट**
अंडे को उबालकर खाना काफी पुराना और अच्छा तरीका है। उबले अंडे में पोषण तत्व भरपूर होते है। एक उबले अंडे में करीब 78 कैलोरी होती है। प्रोटीन के अलावा फैट, विटामिन-मिनरल्स होता है। उबले अंडे विटामिन बी12, डी और राइबोफ्लेविन भरपूर होता है। ये मांसपेशियों और हड्डियों को मजबूत बनाता है। उबले अंडे में बाहर से कुछ भी मिलावट नहीं होती। अलग से कोई तेल या मसाला नहीं होता। इसलिए उबले अंडे में पोषक तत्व भरपूर होते हैं।

**ऑमलेट**
ऑमलेट खाना बहुत लोगों को पंसद है। ब्रेड-ऑमलेट लोगों को फेवरेट ब्रेकफास्ट है। आमतौर पर लोग ऑमलेट में प्याज, मिर्च, नमक, मसाले मिलाकर बनाते है। इसे बनाने में तेल या रिफाइंड का इस्तेमाल करते हैं। जिसकी वजह से इसमें कैलोरी और अनहेल्दी फैट ज्यादा हो जाता है। तेल या बटर के साथ पकाने की वजह से इसमें एक्स्ट्रा फैट एड हो जाता है।

**तो फिर कौन सा ज्यादा सेहतमंद**
दोनों के बारे में जानकर आप समझ गए होंगे कि अंडे का कौन सा ऑप्शन ज्यादा अच्छा है। चूंकि ऑमलेट बनाने के दौरान उसमें एक्स्ट्रा फैट, मसाले एड हो जाते हैं, जिसकी वजह से इसके पोषक तत्वों में कमी आ जाती है। वहीं अंडे को उबालने की प्रक्रिया में उसके सभी पोषक तत्व सुरक्षित रहते हैं। इसलिए अगर आपको अंडे का मैक्सिमम पोषक तत्व चाहिए तो बेहतर है कि उसे ऑमलेट के बजाए उबालकर खाएं।



यूनिसेफ के गुडविल एम्बेसडर के रूप में भारत में हैं बेकहम

बेकहम यूनिसेफ के गुडविल एम्बेसडर के रूप में भारत में हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने यूनिसेफ के साथ साझेदारी की है। ऐसे में बेकहम मैच के दौरान मौजूद रह सकते हैं। यूनिसेफ ने महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाने और क्रिकेट के माध्यम से समावेश और लिंग समानता को बढ़ावा देने के लिए आईसीसी के साथ साझेदारी की है।

## क्रिकेट वर्ल्ड कप के बीच फुटबॉलर का स्वैग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 के पहले सेमीफाइनल में टीम इंडिया की भिड़ंत न्यूजीलैंड के साथ हो रही है। वानखेड़े में खेले जा रहे रोमांचक मैच का लुत्फ उठाने फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ी डेविड बेकहम भी पहुंचे हैं। बेकहम के साथ सचिन तेंदुलकर भी मैदान पर नजर आए। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने तूफानी शुरुआत दी। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरों में डेविड बेकहम सचिन तेंदुलकर के साथ मैच की शुरुआत से पहले वानखेड़े के मैदान पर नजर आये। वहीं, दूसरी तस्वीर में स्टार फुटबॉलर विराट कोहली संग बातचीत करता हुआ भी दिखाई दिए। बता दें कि डेविड बेकहम यूनिसेफ के गुडविल एम्बेसडर हैं और इसी वजह से वह मैदान में उपस्थित रहे। इंग्लैंड के डेविड बेकहम भारतीय खिलाड़ी जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज जैसे स्टार खिलाड़ियों से मिलते हुए नजर आए। यह दिग्गज फुटबॉलर भारत के तीन दिवसीय दौरे पर है। वहीं कई अन्य पूर्व क्रिकेटरों, फिल्मी हस्तियों और खेल सितारों के भी वीवीआईपी गैलरी में मौजूद रहे।

# रोहित शर्मा ने छक्कों का बना डाला है वर्ल्ड रिकॉर्ड

क्रिकेट

## हिटमैन के नाम अब वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे ज्यादा दर्ज हो गए हैं छक्के

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। वर्ल्ड कप 2023 के पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ रोहित शर्मा का बल्ला जमकर बोला। हिटमैन ने अपने होम ग्राउंड पर चौके-छक्कों की बरसात की। रोहित ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए महज 29 गेंदों पर 47 रन की आतिशी पारी खेली। रोहित के आगे कीवी बॉलिंग अटैक पूरी तरह से बेबस नजर आया। हिटमैन वनडे विश्व कप के इतिहास में अब सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में क्रिस गेल को पीछे छोड़ दिया है।

रोहित शर्मा ने सेमीफाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों की पहली ही गेंद से जमकर धुनाई की। हिटमैन ने ताबड़तोड़ अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए महज 29 गेंदों पर 162 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 47 रन कूटे। अपनी इस पारी के दौरान हिटमैन ने चार चौके और चार छक्के जमाए। रोहित ने चार सिक्स लगाने के साथ ही वर्ल्ड रिकॉर्ड बना डाला है। रोहित अब वर्ल्ड कप इतिहास में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।



रोहित शर्मा ने क्रिस गेल का बड़ा रिकॉर्ड चकनाचूर कर डाला है। भारतीय कप्तान अब वनडे विश्व कप में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। रोहित के नाम अब 50 छक्के दर्ज हो गए हैं। वहीं, क्रिस गेल ने एकदिवसीय वर्ल्ड कप में 49 छक्के लगाए थे। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल का नाम है, जिन्होंने कुल 43 सिक्स जड़े हैं। वहीं, एबी डिविलियर्स 37 छक्कों के साथ चौथे पायदान पर हैं।

रोहित शर्मा ने सेमीफाइनल जैसे बड़े मुकाबले में टीम इंडिया को एकबार फिर दमदार शुरुआत दी। रोहित ने शुभमन गिल के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 71 रन जोड़े। रोहित और गिल ने 71 रन महज 50 गेंदों पर बटोरे। रोहित को टिम साउदी ने केन विलियमसन के हाथों कैच कराते हुए पवेलियन की राह दिखाई।

# ऐश्वर्या राय पर विवादित बयान देने वाले अब्दुल रज्जाक के होश आए ठिकाने

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व स्टार ऑलराउंडर अब्दुल रज्जाक ने एक बड़ा विवाद खड़ा कर दिया। उन्होंने वर्ल्ड कप 2023 में बाबर आजम की टीम के प्रदर्शन की आलोचना करने के दौरान भारतीय अभिनेत्री ऐश्वर्या राय का अपमान किया। रज्जाक के बयान ने सोशल मीडिया पर बड़ा तूफान खड़ा कर दिया। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर ने भी इसपर आपत्ति जताई। अब रज्जाक ने इसपर माफी मांगी है।

अब्दुल रज्जाक ने विवाद बढ़ने के बाद अपने बयान पर माफी मांग ली है। उन्होंने वीडियो जारी कर रज्जाक ने कहा कि उनका इरादा किसी



की भावना को ठोस पहुंचाने का नहीं था। उन्होंने वीडियो में कहा- कल हम बात कर रहे थे क्रिकेट कोचिंग और इरादों की। मेरी जुबान फिसल गई और मैंने गलती से ऐश्वर्या राय का नाम ले लिया। मैं व्यक्तिगत तौर पर उनसे माफी मांगता हूं। मेरा इरादा किसी की भावना को ठेस पहुंचाने का नहीं था।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में अब्दुल रज्जाक के साथ शाहिद अफरीदी और उमर गुल भी था। रज्जाक ने कहा था, यहां, मैं उनके (पीसीबी के) इरादे का जिक्र कर रहा हूं। जब मैं खेल रहा था, तो मुझे अपने कप्तान यूनिस खान के अच्छे इरादों के बारे में पता था। इससे मुझे ताकत और आत्मविश्वास मिला और अल्लाह की मदद से मैं पाकिस्तानी क्रिकेट के लिए अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम हुआ।

रज्जाक ने आगे कहा था- मेरी मानें तो हमारा वास्तव में खिलाड़ियों को सुधारने और आगे बढ़ाने का कोई इरादा नहीं है। अगर आपकी सोच है कि मैं ऐश्वर्या राय से शादी करूंगा और फिर नेक-गुणवान बच्चा पैदा हो, तो ऐसा कभी नहीं हो सकता। इसलिए आपको पहले नियत ठीक करनी होगी।

## दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज ने सिराज को पछाड़ा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को पछाड़कर दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज दुनिया के नंबर एक एकदिवसीय गेंदबाज बन गए। सिराज एक हफ्ते तक ही शीर्ष रैंकिंग पर काबिज रह पाए। सिराज पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी को हटाकर आठ नवंबर को दुनिया के नंबर एक एकदिवसीय गेंदबाज बने थे लेकिन नवीनतम सूची में दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर ने उनकी जगह ले ली है। महाराज ने एक नवंबर से विश्वकप के तीन मैच में सात विकेट चटकाए हैं जिसमें न्यूजीलैंड के खिलाफ पुणे में चार विकेट भी शामिल हैं। सिराज और महाराज के बीच हालांकि सिर्फ तीन रेटिंग अंक का अंतर है। सिराज विश्वकप में अब तक भारत के पांचवें सबसे सफल गेंदबाज हैं। वह नौ मैच में 12 विकेट हासिल कर चुके हैं जिसमें 16 रन पर तीन विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

## न्यूज डायरी



### ये कौनसा नशा पीकर बात कर रहा है: हरभजन सिंह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज ऑफ स्पिनर ने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंजमाम उल हक पर जमकर भड़ास निकाली है। इंजमाम उल हक का एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें इंजमाम ने दावा किया कि हरभजन सिंह धर्म परिवर्तन करके इस्लाम कबूल करने वाले थे। भज्जी ने अपने आधिकारिक एक्स (पहले ट्विटर) अकाउंट पर इस कहानी को गलत करार दिया और कहा कि उन्हें अपनी राष्ट्रीयता और धार्मिक पहचान पर गर्व है। भज्जी ने इंजमाम उल हक के वीडियो पर रिप्लाई करते हुए लिखा, ये कौनसा नशा पीकर बात कर रहा है? मुझे भारतीय और सिख होने पर गर्व है। ये बकवास लोग कुछ भी बकते हैं। जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें इंजमाम उल हक ने कहा कि हरभजन सिंह उन भारतीय क्रिकेटरों में से एक थे, जो मौलाना तारीक जमील के उपदेशों में शामिल होते थे। जमील पाकिस्तान क्रिकेट टीम के साथ नमाज पढ़ने के लिए भी जाने जाते थे। पूर्व कप्तान ने कहा कि एक दौरे के दौरान उन्होंने इरफान पठान, जहीर खान और मोहम्मद कैफ को प्रार्थना सत्र में जुड़ने का आमंत्रण दिया और उसमें हरभजन सिंह भी शामिल हुए। इंजमाम उल हक ने साथ ही कहा कि हरभजन सिंह तारीक जमील के उपदेश से बहुत प्रभावित हुए और धर्म परिवर्तन करके इस्लाम में शामिल होने की नीयत दर्शाई।

### भारत-न्यूजीलैंड के सेमीफाइनल मैच से पहले विवाद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। मुंबई की वानखेड़े स्टेडियम की पिच को लेकर बड़ी खबर सामने आई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जिस पिच को सेमीफाइनल मैच के लिए चुना गया था। उसकी जगह दूसरी पिच का इस्तेमाल होने वाला है जो भारतीय स्पिनरों को फायदा देगी। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, आईसीसी (इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल) के पिच कंसलटेंट एंडी एटकिंसन ने भारत-न्यूजीलैंड के मैच के लिए उस पिच को चुना था जो अब तक वर्ल्ड कप में इस्तेमाल नहीं हुई थी। लेकिन अब उस पिच को चुना गया है जिस पर अब तक दो वर्ल्ड कप के मैच खेले जा चुके हैं। रिपोर्ट्स में ऐसा करने की वजह भारतीय स्पिनरों का अधिक फायदा कराने को बताया जा रहा है। साथ ही पिच को स्विच करने के लिए व्हॉट्सएप टेक्स्ट भारतीय और आईसीसी ऑफिशियल को भेज दिया गया है। मैसेज में कहा गया है कि पिच नंबर 7 की जगह पिच नंबर 6 का इस्तेमाल मैच में किया जाएगा। डेली मेल की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि आईसीसी पिच कंसलटेंट को यह भी कहा गया है कि जो पिच असल में सेमीफाइनल मैच के लिए इस्तेमाल होनी थी उसमें कुछ दिक्कत या परेशानी है।

### गांगुली बोले-सहवाग ने बदली टेस्ट प्रारूप में बल्लेबाजी की कला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वीरेंद्र सहवाग ने टेस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजी के आयाम को पूरी तरह से बदल दिया यह जग जाहिर है लेकिन पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने जोर देते हुए कहा कि दिल्ली के इस बल्लेबाज ने ऐसा उस समय किया जब विश्व स्तरीय गेंदबाजों की मौजूदगी में खेल 'काफी मजबूत' था। सहवाग, डायना इडुल्जी और अरविंद डिसिल्वा को सोमवार को आईसीसी क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। गांगुली ने सहवाग की सराहना करते हुए पत्र लिखा है जिससे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने साझा किया है जिसमें पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा, 'जो चीज आपको विशेष बनाती है वह आपकी बल्लेबाजी का तरीका है। आपने टेस्ट क्रिकेट में शीर्ष पर बल्लेबाजी के आयाम को बदला।' उन्होंने कहा, 'तब यह अलग युग था। 2000 के दशक की शुरुआत में टेस्ट क्रिकेट दुनिया भर में स्तरीय खिलाड़ियों की मौजूदगी में काफी मजबूत था लेकिन आपने टेस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजी की कला को पूरी तरह से बदल दिया।' भारतीय क्रिकेट बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, 'जो पारी इसे साबित करती है वह आपके श्रीलंका के खिलाफ 2009 में बनाए 293 रन है। टेस्ट क्रिकेट में एक दिन में इतने रन बनाना और वह भी उस आक्रमण के खिलाफ जिसमें मुथैया मुरलीधरन शामिल हो, यह दर्शाता है कि आप क्या करने में सक्षम हो।' गांगुली ने कहा, 'आपने विभिन्न प्रारूपों में खेलने का लुत्फ उठाया और आप एकदिवसीय क्रिकेट में अच्छे थे लेकिन मुझे लगता है कि आप टेस्ट क्रिकेट में और बेहतर थे।





## संक्षिप्त समाचार

### त्रिवेणीघाट पर वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित

**संवाददाता** ऋषिकेश। छठपर्व के चलते 17 नवंबर शाम से दो दिन त्रिवेणीघाट पर वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गई है। भीड़ के चलते प्रशासन ने यह निर्णय लिया है। इस दौरान घाट चौक पर वाहनों का रोक लिया जाएगा। यह जानकारी सीओ संदीप नेगी ने दी।

### चोरी के तीन मोबाइल फोन समेत टप्पेबाज गिरफ्तार

**संवाददाता** डोईवाला। बाजार में भीड़भाड़ का फायदा उठाकर युवती का मोबाइल फोन साफ करने वाले टप्पेबाज को पुलिस ने गिरफ्तार लिया। आरोपी की तलाशी में पुलिस ने पीड़िता समेत अन्य चोरी के मोबाइल बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपी की पहचान राम उर्फ जीवन पुत्र कुंवर पाल निवासी केशवपुरी बस्ती डोईवाला के रूप में हुई है। कोतवाल देवेंद्र सिंह चौहान के मुताबिक मिस्सरवाला, डोईवाला निवासी तनु पुत्री स्व. जगपाल ने ऋषिकेश रोड पर बाजार में खरीदारी के दौरान मोबाइल चोरी होने पर अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी थी, जिस पर मुकदमा दर्ज कर मुखबिर की सूचना पर आरोपी राम को गिरफ्तार किया गया है।

### भक्तों को सदैव आशीर्वाद देती है मां काली: प्रेमचंद अग्रवाल

**संवाददाता** ऋषिकेश। सार्वजनिक काली पूजा समिति ने काली पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया। महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। मायाकुंड में सार्वजनिक काली पूजा समिति की ओर से 39वां स्थापना दिवस पर काली पूजा महोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे कबीना मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने मां काली के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित किया। उन्होंने कहा कि मां काली सदैव अपने भक्तों को आशीर्वाद देती है, मां का मातृत्व सभी को मिलता है। कहा कि उन्होंने पूजा महोत्सव में आयोजकों को बधाई दी। इस दौरान प्रेमचंद अग्रवाल ने मायाकुंड बस्ती के क्षतिग्रस्त मुख्य मार्ग को दुरुस्त करने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय युवाओं व बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

### रणनीति बनाकर करें निवेश, लाभ कमाए

**संवाददाता** देहरादून। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में मुहूर्त ट्रेडिंग, हमारी साझा वित्तीय आकांक्षाओं का प्रमाण है। इस हलचल भरे बाजार में, दिवाली की रोशनी के बीच, हम सावधानीपूर्वक विकल्प चुनने और रणनीतिक निवेश का सफर शुरू करते हैं। इस शुभ समय के दौरान किया गया हर सौदा निवेशकों के बीच वृद्धि और एकता की भावना का प्रतीक होता है। एनएसई की सलाह है कि निवेशक केवल पंजीकृत मध्यस्थों के साथ सौदा करें और गैर–विनियमित उत्पादों में सौदा करने से बचें।

# हमारे सभी प्रवासी उत्तराखंडी देवभूमि के ब्रांड एम्बेसडर है

**कार्यक्रम**

■ सीएम धामी ने मध्य प्रदेश में प्रवासी उत्तराखंडी समाज द्वारा आयोजित जनसभा में किया प्रतिभाग



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इंदौर, मध्य प्रदेश में प्रवासी उत्तराखंडी समाज द्वारा आयोजित जनसभा में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड सांस्कृतिक संस्था की और से आयोजित इस एकत्रीकरण कार्यक्रम में आकर वे अभिभूत हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सांस्कृतिक संस्था द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में अनेक कार्य किए जा रहे हैं, यह सराहनीय प्रयास है। चाहे बालिकाओं के विवाह के लिए किए जा रहे प्रयास हो या फिर वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान हो, मेरिट लाने वाले मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित करना हो, सभी क्षेत्रों में उत्तराखंड सांस्कृतिक संस्था द्वारा कार्य किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भारत के अलग–अलग प्रांतों के लोग मिलते हैं तो एक भारत श्रेष्ठ भारत का अहसास होता है और जब उत्तराखंड के लोग मिलते हैं तो "श्रेष्ठ उत्तराखंड" का अहसास होता है। उन्होंने कहा कि हमारे सभी प्रवासी उत्तराखंडी देवभूमि के ब्रांड एम्बेसडर हैं। सभी देवभूमि की संस्कृति और परंपराओं का प्रचार और प्रसार में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज का नया भारत सम्पूर्ण विश्व को एक नई दिशा देने का काम कर रहा है, हाल ही में नई दिल्ली में संपन्न हुआ जी–20 सम्मेलन के भव्य आयोजन के हम सब साक्षी हैं। भारत में हो रही प्रगति का सबसे बड़ा कारण भारतवासियों का स्वयं पर विश्वास है और इस विश्वास को पुनः जागृत करने का काम यदि किसी ने किया है तो वे हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन और केन्द्र सरकार के सहयोग से उत्तराखंड में ऐसे बहुत से काम हुए हैं, जो पहले नामुमकिन से लगते थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में केन्द्र सरकार द्वारा राज्य में 1 लाख 50 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाएं स्वीकृत की जा चुकी हैं। श्री केदारपुरी का पुनर्निर्माण व श्री बद्रीनाथ के सौन्दर्यीकरण के कार्य, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विजन, नेतृत्व एवं संकल्प का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण हैं। जौलीग्रांट एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाया जा रहा है तथा ऊधमसिंह नगर में ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट को भी विकसित किया जा रहा है। ऊधमसिंह नगर में एम्स का सेटेलाइट सेंटर स्थापित होने के बाद राज्य में दो–दो एम्स संचालित होने का रास्ता साफ हो जाएगा। केन्द्र सरकार के रीजनल कनेक्टिविटी योजना के अंतर्गत 13 स्थानों पर हेलीपोर्ट का निर्माण किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में हमनें प्रभावी कदम उठाये हैं, हम समान नागरिक संहिता को प्रदेश में जल्द ही लागू करने की तैयारी कर रहे हैं। हमने उत्तराखंड में सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए लगभग 35 सौ एकड़ सरकारी जमीन मुक्त करवाई है।

### हर गांव को हाईवे से जोड़ने की राज्य सरकार की योजना

मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां हर गांव को हाईवे से जोड़ने की राज्य सरकार की योजना है, वहीं पहाड़ों में रेल पहुंचने का स्वप्न ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल परियोजना के माध्यम से शीघ्र ही साकार होने वाला है। प्रदेश में रोपवे निर्माण के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व प्रगति की है। गौरीकुण्ड–केदारनाथ और गोविंदघाट–हेमकुण्ट साहिब रोपवे का निर्माण कार्य गतिमान है। राज्य में पूर्ण पारदर्शिता के साथ भर्ती परीक्षाएं हो, इसके लिए सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है। नकल विरोधी कानून लागू होने के बाद सभी सभी परीक्षाएं पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई हैं। इक्कीसवीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक बनाने के लिए सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहे हैं।

# सीएम ने अधिकारियों तथा राहत एवं बचाव एजेंसियों का बढ़ाया हौसला

**रेस्क्यू ऑपरेशन**

■रेस्क्यू ऑपरेशन पर वर्चुअल माध्यम से निरंतर निगरानी बनाए हुए हैं मुख्यमंत्री

**संवाददाता**

देहरदून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सिलक्यारा में चल रहे हैं रेस्क्यू ऑपरेशन पर निरंतर निगरानी बनाए हुए हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कमिश्नर गढ़वाल, आईजी गढ़वाल तथा राहत एवं बचाव में लगी एजेंसियों से सिलक्यारा में चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन तथा टनल में फंसे श्रमिकों की कुशलक्षेम की पल–पल की अपडेट ले रहे हैं।

बुधवार को एक कार्यक्रम में इंदौर, मध्य प्रदेश में होने के बावजूद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कमिश्नर गढ़वाल तथा आईजी गढ़वाल से निरंतर संपर्क में हैं तथा सिल्क्यारा में संचालित हो रहे रेस्क्यू ऑपरेशन की निरंतर अपडेट ले रहे हैं।

इसके साथ ही राहत एवं बचाव के कार्यों में लगी एजेंसियों से भी मुख्यमंत्री हर पल की अपडेट ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने युद्ध स्तर पर चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए संबंधित अधिकारियों एवं राहत एवं बचाव एजेंसियों का हौसला बढ़ाया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आज हमारे समक्ष बड़ी चुनौती आ खड़ी हुई है जिसका सामना हमें पूरी हिम्मत, हौसले और धैर्य से सफलतापूर्वक करना है। राज्य सरकार, प्रशासन के साथ ही केंद्रीय एजेंसियों एवं केंद्र सरकार का हमें इसमें पूरा सहयोग मिल रहा है। केंद्र सरकार एवं केंद्रीय गृह मंत्री रेस्क्यू ऑपरेशन पर निरंतर निगरानी बनाए हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वयं घटना एवं राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी ली है।

गौरतलब है कि सिल्क्यारा पोलगांव निर्माणाधीन रोड टनल में भूस्खलन की घटना के बाद से ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तत्काल मुख्यमंत्री आवास में शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिये कि मौके पर तैनात जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं वहां पर कार्य कर रही एजेंसियों से निरन्तर समन्वय बनाकर रखें, राहत सामग्री की किसी भी प्रकार की आवश्यकता पड़ने पर, शीघ्र उपलब्ध कराई जाए।

### तेजी से चल रहे राहत एवं बचाव के कार्य

मुख्यमंत्री के निर्देश पर शासन द्वारा सिल्क्यारा सुरंग में हुए भूस्खलन के अध्ययन एवं कारणों की जांच के लिए निदेशक उत्तराखंड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र की अध्यक्षता में गठित समिति में शामिल विशेषज्ञों ने स्थल का निरीक्षण कर जांच की कार्रवाई शुरू कर दी है। राहत एवं बचाव के कार्य तेजी से चल रहे हैं।

### मिनिस्टीरियल कर्मचारियों के आंदोलन का आज से आगाज

**संवाददाता** देहरादून। उत्तरांचल फैडरेशन आफ मिनिस्टीरियल सर्विसेज एसोसिएशन का आंदोलन गुरुवार से शुरू होने जा रहा है। पदोन्नति में शिथिलता और पुरानी एसीपी का लाभ देने समेत अन्य मांगों के पूरा न होने से नाराज कर्मचारियों ने आंदोलन का ऐलान किया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष पूर्णानन्द नौटियाल और महामंत्री मुकेश बहुगुणा ने कहा कि एसोसिएशन के साथ हुआ समझौता अभी तक पूरा नहीं हुआ है। जबकि आश्वासन दिया गया था कि जल्द शासनादेश जारी होगा। मांगे पूरी न होने पर ही कर्मचारी आंदोलन को मजबूर हुए हैं। कर्मचारी 16 नवंबर से आंदोलन के पहले चरण के तहत सांकेतिक गेट मीटिंग करेंगे। काली फिती लगा कर काम करते हुए विरोध जताएंगे। कहा कि 21 सूत्रीय मांग पत्र में एक भी मांग पूरी नहीं की गई है। सबसे अधिक मांग पदोन्नति में पात्रता को शिथिलीकरण की व्यवस्था दोबारा बहाल किए जाने की है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+







Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।